तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

[राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर]



12 पाटसिवनी में पहली बार दही हांडी उत्सव का भव्य आयोजन





14 गणपति प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार, 27 को विराजेंगे




## खबर संक्षेप

### ग्रामीण को हरे सांप ने डसा, ईलाज जारी

**मैनपुर।** मैनपुर क्षेत्र के दुरस्थ वनांचल भाठापानी निवासी सगनुराम उम्र 40 वर्श को आज खेत में जहरीले हरे कलर का सर्प काट लिया समय पर मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाने और सही उपचार मिलने से उसका सेहत ठीक है। मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के डॉक्टरो ने कहा इन दिनो सर्पदंश की घटना बढ़ गई है किसी भी प्रकार के स्थिति में तत्काल अस्पताल लेकर आये झाड़फूक के चक्कर में न रहे।

### बंदरों की उछल कूद से बाइक सवार गिरा गंभीर रूप से घायल

**मैनपुर ।** मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मुख्यमार्ग में राजापड़ाव और तौरेंगा के बीच आज शाम 4 बजे सड़क किनारे बंदरो का झुंड उछल कूद कर रहा था मैनपुर की तरफ मोटर साइकिल में जा रहे ग्रामीण जयलाल जैसे ही नजदीक पहुंचा बंदरो की झुंड सड़क पार करने उछल कूद कर दिया जिससे ग्रामीण बंदरो को बचाने के चक्कर में गिरकर घायल हो गये जिसे तत्काल ईलाज के लिए लाया गया।

### खाद लेने टूट पड़े किसान

**मैनपुर।** मैनपुर में खाद की समस्या से जूझ रहे किसान बेहद परेशान है किसानो के आंदोलन के चलते दो ट्रक खाद मैनपुर सहकारी समिति पहुंचा आज खाद लेने के लिए सुबह 7 बजे से किसानो की भारी भीड़ सहकारी सोसायटी के सामने लगी रही देखते ही देखते पूरा खाद का वितरण हो गया।

### विधायक ने विधानसभा में उठाई थी मांग, 15 करोड़ की राशि भी हुई स्वीकृत

# कृषि महाविद्यालय के लिए जमीन नहीं मिली तो फिंगेश्वर दो दिन रहेगा बंद

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

- नागरिकों ने जिला प्रशासन को दिया अल्टीमेटम, कहा- मांगें नहीं मानी तो होगा आंदोलन

फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय के नए भवन निर्माण के लिए जिला प्रशासन द्वारा जमीन आवंटन में हो रही देरी से नगर के लोग आक्रोशित हैं। इस समस्या को लेकर नागरिकों ने एक बैठक बुलाई, जिसमें दो दिनों तक नगर की सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठानें बंद रखने का निर्णय लिया गया। नागरिकों ने इस संबंध में तहसील कार्यालय में ज्ञापन भी सौंपा है।

लोगों का कहना है कि फिंगेश्वर में कृषि महाविद्यालय के लिए जमीन की कोई कमी नहीं है। उन्होंने छात्र-छात्राओं की सुविधा के अनुसार नगर में उपलब्ध शासकीय भूमि का नक्शा और खसरा नंबर भी जिला प्रशासन, कृषि महाविद्यालय और कुलपति कार्यालय रायपुर को पहले ही उपलब्ध करा दिया है। बावजूद इसके, प्रशासन फैसला लेने में टालमटोल कर रहा है।





**सरकार की घोषणा, प्रशासन की अनदेखी :** पिछले 5 सालों से कृषि महाविद्यालय कमरों में चल रहा है,जो छात्रों के लिए पर्याप्त नहीं है। राज्य सरकार ने भवन निर्माण के लिए लगभग 15 करोड़ रुपये की राशि भी स्वीकृत कर दी है। विधायक रोहित साहू ने भी विधानसभा में फिंगेश्वर में ही कॉलेज निर्माण की मांग रखी थी और कृषि मंत्री ने इस पर सहमति भी दी थी। इसके बावजूद, जिला प्रशासन द्वारा जमीन का नाप-जोख नहीं कराया जा रहा है, जिससे भवन निर्माण ▶▶| शेष पेज 12 पर

### नगर बंद का आह्वान

इसी आक्रोश के चलते नगर विकास समिति के अध्यक्ष भागवत हरित ने 21 और 22 अगस्त को नगर की दुकानें बंद रखने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि अगर उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो वे अनिश्चितकालीन आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष धनराज सूर्यवंशी ने भी इस मांग का समर्थन किया है। इस बंद के आह्वान के लिए नगर विकास समिति के सदस्यों और युवाओं ने घूम-घूमकर व्यापारियों से दुकानें बंद रखने की अपील की है और तहसीलदार तथा फिंगेश्वर थाने को ज्ञापन भी सौंपा है।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर पलटा एक की मौत, एक घायल

- मैनपुर से 4 किमी दूर हुआ दर्दनाक हादसा, घटनास्थल पर मचा हड़कंप

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर तहसील मुख्यालय से महज 4 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 130सी पर आज सुबह एक दर्दनाक हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, यह हादसा मैनपुरकला मार्ग पर एक मंदिर के पास हाईवे के मोड़ पर हुआ। सुबह 7 बजे के करीब ट्रैक्टर अचानक पलट गया और उसके चारों पहिए ऊपर की तरफ हो गए। ट्रैक्टर के नीचे दबने से एक व्यक्ति की तत्काल मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर दूसरे व्यक्ति को बाहर निकाला और उसे गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैनपुर पहुंचाया। प्रारंभिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।



### पुलिस ने शुरू की जांच

हादसे की सूचना मिलते ही मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल था। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे के इस मोड़ पर अक्सर हादसे होते रहते हैं।

### ग्रामीणों ने उठाई सुरक्षा की मांग

इस दर्दनाक हादसे के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मोड़ पर सुरक्षा उपायों की कमी के कारण इस तरह के हादसे बार-बार होते हैं। इस घटना ने पूरे क्षेत्र को स्तब्ध कर दिया है।

# चंगाई सभा में लिप्त प्रोफेसर के खिलाफ प्राचार्य को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

- हिंदू संगठनों ने की कार्रवाई की मांग, वायरल वीडियो को बनाया आधार

राजिम क्षेत्र के 3 गांवो में अवैध रूप से चल रहे चंगाई प्रार्थना सभा को लेकर विहिप,एबीवीपी और बजरंगदल के तुषार कदम पार्षद, एबीवीपी के जिला संयोजक क्षितिज तिवारी , पुरुषोत्तम दुबे विश्वहिंदू परिषद, डिकास देवांगन, हुमन देवांगन, यश कहार ,सागर देवानी विहिप सेवा प्रमुख,पिन्टू पटेल महाविद्यालय के विद्यार्थी व संगठन के सदस्यो ने प्राचार्य को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में बताया गया है कि शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय की एक महिला प्रोफेसर संलिप्त पायी गई है जिनका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। संगठन के कार्यकर्ताओं का कहना है कि उन्हें पहले भी खबर मिल रही थी कि महाविद्यालय की प्रोफेसर बहुत पहले से इन गतिविधियों में संलिप्त है। पर खुलासा तब हुआ जब विहिप बजरंगदल ने विगत दिनों इन चंगाई सभाओं का ▶▶| शेष पेज 12 पर



# खाद की किल्लत से परेशान किसान, नेशनल हाईवे पर चक्काजाम की दी चेतावनी

- मैनपुर-देवभोग क्षेत्र की सोसाइटियों में एक महीने से खाद नहीं, किसान हो रहे निराश

**मैनपुर।** बिंद्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मैनपुर और देवभोग में खाद की भारी किल्लत से किसान परेशान हैं। पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध नहीं होने से अब किसान नेशनल हाईवे पर चक्काजाम करने की चेतावनी दे रहे हैं। विधायक जनक ध्रुव ने इस मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरते हुए कहा कि 'डबल इंजन की सरकार' को अन्नदाताओं की समस्याओं की कोई परवाह नहीं है।



विधायक ने बताया कि शुरुआती दौर में किसानों को बीज के लिए भी भटकना पड़ा था, जिसके कारण उन्हें ओडिशा से मक्का का बीज लाकर बुवाई करनी पड़ी। अब जब लगातार बारिश हो रही है और ▶▶| शेष पेज 12 पर







# अभनपुर ब्लॉक के स्कूलों में 'घंटी योजना' लागू, 95% शालाओं में 'यू-शेप' बैठक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षा के स्तर और छात्रों के स्वास्थ्य में सुधार के लिए लगातार नए-नए प्रयोग कर रही है। इसी कड़ी में, अभनपुर विकासखंड के स्कूलों में दो महत्वपूर्ण नवाचार लागू किए गए हैं - 'घंटी योजना' और 'यू-शेप' बैठक व्यवस्था। इन पहलों का उद्देश्य छात्रों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है।

'घंटी योजना' के तहत, प्रत्येक एक घंटे में स्कूल की घंटी बजाई जाती है, जो छात्रों को पानी पीने के लिए प्रेरित करती है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्कूल के दौरान पर्याप्त मात्रा में पानी पीने के लिए प्रोत्साहित करना है ताकि वे डीहाइड्रेशन जैसी समस्याओं से बच सकें। विशेषज्ञों का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता की कमी के कारण बच्चे अक्सर कम पानी पीते हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यह योजना इस समस्या को दूर करने में कारगर साबित हो रही है।

### छात्रों के स्वास्थ्य और पढ़ाई में सुधार के लिए सरकार का नया कदम



### विकासखंड में शासन की योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन -धनेश्वरी साहू

अभनपुर के विकासखंड शिक्षा अधिकारी धनेश्वरी साहू ने बताया कि ब्लॉक के शालाओं में शासन की महती योजना न्योता भोज, घंटी योजना एवं यू-शेप बैठक व्यवस्था प्रभावी रूप से लागू किया गया है। योजनाओं के क्रियान्वयन से छात्रों की उपस्थिति, पढ़ाई का स्तर में वृद्धि हुई है। विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर अनुकूल असर पड़ा है। विकासखंड में हायर सेकेंडरी, हाई स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शालाओं को संख्या 279 है। शत प्रतिशत स्कूलों में घंटी योजना लागू है। जबकि 263 शालाओं में यू-शेप बैठक व्यवस्था लागू है। कुछेक स्कूल में अधिक दर्ज संख्या एवं कक्षा छोटा होने के कारण यू-शेप बैठक व्यवस्था लागू नहीं है।

### पढ़ाई में सुधार के लिए यू-शेप व्यवस्था

अभनपुर विकासखंड के स्कूलों में 'यू-शेप' बैठक व्यवस्था भी लागू की गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य पीछे बैठने वाले छात्रों में पैदा होने वाली कुंठा और निराशा की भावना को खत्म करना है। इस तरह की बैठक व्यवस्था से सभी छात्र सीधे शिक्षकों के संपर्क में रहते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई में रुचि और भागीदारी बढ़ती है। हालांकि, अधिक संख्या वाले कक्षाओं में इसे लागू करना संभव नहीं है, लेकिन ब्लॉक की ज्यादातर शालाओं में इसके अच्छे परिणाम देखने को मिले हैं, जिससे उपस्थिति और पढ़ाई के स्तर में सुधार हुआ है।

## खबर संक्षेप

### आज नवापारा में होंगे डिप्टी सीएम अरुण साव व मंत्री टंकराम वर्मा




**नवापारा-राजिम।** शहर में हुए विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन समारोह में आज गुरूवार 21 अगस्त को दोपहर 1 बजे मुख्य अतिथि के रूप में राज्य के डिप्टी सीएम नगरीय प्रशासन मंत्री अरूण साव नवापारा पहुंच रहे है। यह कार्यक्रम सामुदायिक भवन नेहरू घाट के पास होगा। समारोह की अध्यक्षता राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री टंकराम वर्मा करेंगे। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजमोहन अग्रवाल,विधायक इंद्रकुमार साहू तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू,जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज,रायपुर जिला भाजपा ग्रामीण के अध्यक्ष श्याम नारंग मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम में नगर पालिका के अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू,उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी,मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,सभी सभापति एवं पार्षदगण उपस्थित रहेंगे।

### धर्मगुरु खुशवंत साहेब को लोगों ने दी बधाई

**नवापारा-राजिम।** सतनामी समाज के धर्मगुरु खुशवंत साहेब को छत्तीसगढ़ कैबिनेट में शामिल किए जाने पर समाजजनों में हर्ष की लहर है। इस अवसर पर रायपुर जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी ने बधाई प्रेषित करते हुए राज्य सरकार के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सतनामी समाज को नेतृत्व देकर सरकार ने पूरे समाज के सम्मान को बढ़ाया है। आने वाले दिनों में समाजजनों की आशा और अपेक्षाओं पर गुरुजी निश्चित ही खरे उतरेंगे। कैबिनेट में सामाजिक गुरु को शामिल किए जाने की खुशी अभनपुर क्षेत्र में भी देखने को मिली। बधाई देने वालो में मुकेश ढीढी, चंद्रिका बंजारे अध्यक्ष जनपद पंचायत अभनपुर, जितेंद्र बंजारे अध्यक्ष सतनामी समाज अभनपुर, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष राजू बारले, बसंत कौसरे, संजय बंजारे सहित समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल है।



### वोल्टेज और बिजली बंद की समस्या से नागरिक परेशान

**नवापारा-राजिम।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि शहर में एक अतिरिक्त नया विद्युत सब स्टेशन बनाना अति आवश्यक हो गया है। विद्युत कटौती और लो वोल्टेज की समस्या को लेकर शहरवासियो ने लगातार विभाग का ध्यान आकर्षित किया। इस विषय पर विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा हुई जिसमें एक बात हमेशा सामने आई कि नगर में नए विद्युत सब स्टेशन आवश्यक है।



### निर्वाचन आयोग के अधिकारियों के लिए लायजनिंग अधिकारी नियुक्त

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के अधिकारियों की नौ सदस्यीय दल छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित मतदान केन्द्रों के भ्रमण एवं बीएलओ को निर्वाचन प्रक्रिया पर प्रशिक्षण प्रदाय हेतु प्रवास पर रहेगें। इस दौरान आयोग स्तरीय अधिकारियों का दिनांक 21 अगस्त 23 अगस्त 2025 तक जिला गरियाबंद प्रवास का कार्यक्रम निर्धारित है। इस प्रवास के दौरान अधिकारियों को आयोग स्तरीय अधिकारियों के लिए लॉयजनिंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेश अनुसार जन संसाधन विभाग गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता एस के बर्मन मोबाईल नंबर 9424153504 को लायजनिंग अधिकारी एवं लोक निर्माण विभाग गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता श्री रामेश्वर सिंह मोबाईल नंबर 9630228625 को भोजन व्यवस्था का दायित्व सौपा गया है।

## गांव के सियान समिति और ग्रामीणों ने मिलकर मनाया दही हांडी उत्सव

# पाटसिवनी में पहली बार दही हांडी उत्सव का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)



मुड़ागांव (कोरासी) के ग्राम पाटसिवनी में इस साल पहली बार श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दूसरे दिन, रविवार को, दही हांडी उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस उत्सव में पूरे गांव के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गांव के सियान समिति के अध्यक्ष अजीत सिंह जाट और उनकी पत्नी ने की। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के 'माखन चोर' स्वरूप के चित्र का पूजन किया और इसके साथ ही 'बाल गोपाल नटखट नंदलाला' की टोली का भी पूजन-अर्चन किया।

पूजा के बाद, माखन चोरों की टोली ने आकर्षक वेशभूषा में पूरे गांव का भ्रमण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने दही हांडी लटका रखी थी, जिसे टोली ने फोड़कर दही लूटा। गांव में मुख्य रूप से अजीत सिंह जाट, भानू राम साहू और हीरासिंह ग्रुप ने दही हांडी का आयोजन किया था। अंत में, कार्यक्रम का समापन नवीन सार्वजनिक स्थल पर हुआ, जहाँ सरपंच चम्पेश्वर ध्रुव द्वारा रखी गई दही हांडी को फोड़कर दही लूटा गया। कार्यक्रम के समापन के बाद, सभी ग्रामवासियों को दही-मिश्री का प्रसाद वितरित किया गया।

**ग्रामवासियों का रहा विशेष सहयोग :** इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने में गांव सियान समिति के सचिव महेश ध्रुव और उनके सदस्यों जैसे तिहारू राम भुंजिया, ललित साहू, जीवन ध्रुव, कोटवार रूप सिंह नेताम, गेंदलाल विश्वकर्मा, डायमंड साहू, गणेश सिंह राजपूत, तुलस राम ध्रुव, दिलीप साहू और जयपाल साहू का विशेष सहयोग रहा।

**माखन चोरों का ग्राम भ्रमण :** माखन चोरों की टोली के साथ ग्राम भ्रमण में जागेश्वर मांडले ने विशेष रूप से सहयोग प्रदान किया। उन्होंने पूरे रास्ते टोली के साथ मिलकर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।

### घाटखालहे मंडल ने सद्भावना दिवस पर किया फल वितरण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** घाटखालहे मंडल के सभी सेक्टर एवं मंडल पदाधिकारियों के द्वारा

पूर्व प्रधानमंत्री, भारत रत्न स्व. राजीव गांधी जी के जयंती को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया गया, एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पाटसिवनी में मरीजों को फल वितरित किया गया।इस अवसर पर उक्त कार्यक्रम में पन्नालाल ध्रुव,पुरन सिंह ठाकुर,अमर सिंह जाट,मन्नुलाल चौहान, अमृत निर्मल कर,केवल साहू, चित्रसेन डड़सेना, रूपनारायण मांडले, रंजन सिंह निषाद, हेमंत सेन, आशाराम पटेल, घनश्याम साहू, यादराम नेताम,टीकेश्वर निर्मल कर, ओमप्रकाश साहू, सोमनाथ साहू,जावेद दीवान,मानिक साहू, हीरा सिंह ध्रुव,डुगेश्वर ध्रुव,हेमशरण ध्रुव,भैयाराम निषाद आदि शामिल रहे।

### चौरासीगढ़ मंदिर में हुआ भव्य आयोजन, नंदोत्सव और राउत नाचा की धूम



**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड में जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक स्थल चौरासीगढ़ राधाकृष्ण मंदिर में यादव समाज द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भजन-कीर्तन के साथ ही आचार्य लोकेन्द्र प्रसाद अवस्थी द्वारा हवन-पूजन, 56 भोग और भगवान की महाआरती की गई। इसके बाद नंदोत्सव मनाया गया, जिसमें मटका फोड़ और दही लूट जैसे पारंपरिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण राउत नाचा और मनमोहक झांकियाँ थीं। कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव, कालिया मर्दन और महाभारत के चक्रव्यूह रचना की सुंदर प्रस्तुति दी, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस भव्य आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

#### मंच निर्माण की हुई घोषणा

इस अवसर पर जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने रंगमंच निर्माण की घोषणा की, जिससे भविष्य में ऐसे आयोजनों को और भव्यता मिल सकेगी। कार्यक्रम का संचालन महासचिव खामसिंह यादव ने किया और आभार प्रदर्शन परिक्षेत्र अध्यक्ष जयमल यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी, जिला पंचायत की पूर्व अध्यक्ष स्मृति ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य नेल, जनपद अध्यक्ष मोहना नेताम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य धनमति यादव, और हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन के चिराग राजपूत और पुष्पा यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी और ग्रामीण उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस और कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास व श्रद्धापूर्वक मनाया



**फिंगेश्वर।** विद्या निकेतन पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को प्रातः विद्यालय के प्राचार्य एवं अंकित पहाड़िया, श्रीमती पूजा पहाड़िया ने तिरंगा फहरा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात भारत माता की वंदना एवं पूजन अर्चन किया गया।बच्चों ने अपने–अपने हाउस ड्रेस के साथ बड़ी ही सुंदर तरीके से प्रभातफेरी में नगर की परिक्रमा की। बैंड की धुन पर मार्च पास्ट करते बच्चे देखते ही बन रहे थे। 15 अगस्त के दिन ही बच्चों की संसद का चुनाव परिणाम भी घोषित किया गया। चयनित प्रतिनिधियों को उनके पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई गई। विद्यालय के हेड बॉय कुणाल थडानी को एवं हेड गर्ल वैभवी रावत को घोषित किया गया। यह चुनाव बच्चों को लोकतांत्रिक पद्धति से परिचय कराने के उद्देश्य से लोकतांत्रिक चुनाव के तर्ज पर ही कराया गया था।

**श्रीकृष्ण के विद्यार्थी जीवन व सुदामा से मित्रता को रहा समर्पित पर्व :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी भी स्कूल में धूमधाम से मनाई गई। पर्व इस बार श्री कृष्ण के विद्यार्थी जीवन एवं श्रीकृष्ण एवं सुदामा की मित्रता को समर्पित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संचालन समिति की सदस्य श्रीमती शांति कोसर, वीरांगना महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती संतोषी श्रीवास्तव,पालक सदस्य श्रीमती उत्तमा शर्मा द्वारा भगवान श्री कृष्ण की पूजा से किया गया। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष में विद्यालय में बच्चों के फैंसी ड्रेस का कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें बच्चों ने श्री कृष्ण,राधा रानी,यशोदा माता, सुदामा एवं श्रीकृष्ण के सखाओ के रूप में अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी।

## ग्रामीण क्षेत्रों के मकानों में नंबर प्लेट लगाने के निर्देश निरस्त करने की



**मैनपुर।** सरपंच संघ के अध्यक्ष हलमन ध्रुवा के नेतृत्व में सदस्यों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा ग्राम पंचायतों को निर्देशित किया गया है कि ग्रामीण इलाकों में मकानों में स्थायी नंबर प्लेट लगाया जाए। यह ग्राम पंचायतों के अधिकार क्षेत्र का हनन है अतः मकान नंबर प्लेट लगाने संबंधी पत्र को निरस्त किया जाए।

सौंपे गए ज्ञापन में सरपंच संघ ने कहा, छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 57 में स्पष्ट उल्लेख है कि मार्गों का नामकरण एवं भवनों में क्रमांक डालने के लिए ग्राम पंचायत सक्षम प्राधिकरण है। किसी प्राइवेट व्यक्ति या संस्था को मकान नंबर प्लेट लगाने हेतु आदेश जारी करना ग्राम पंचायतों के संवैधानिक अधिकारों का सीधा हनन है ।यह भी उल्लेख है कि पिछले वर्ष ही सभी ग्राम पंचायतों में मकान नंबर प्लेट लगाये जा चुके हैं। ऐसे में पुनः उसी कार्य के लिए आदेश जारी करना अनावश्यक एवं लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डालने वाला कदम है। पूर्व में भी आदेश किया जा चुका है निरस्त

संघ ने बताया कि वर्ष 2021 में भी इसी प्रकार का आदेश जारी किया गया था। जिस पर जिले के कलेक्टर को शिकायत की गई थी। जिसके पश्चात तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायश्ने मैनपुर द्वारा सभी ग्राम पंचायतो को पत्र जारी कर यह स्पष्ट किया गया कि मकान नंबर प्लेट लगाने का अधिकार ग्राम पंचायत का है। सरपंच अपने अधिकारों का हनन किसी भी स्तर पर स्वीकार नहीं करेंगे।

**ये रहे उपस्थित :** इस मौके पर सरपंच संघ के अध्यक्ष हनमन ध्रुवा, उपाध्यक्ष श्रीमति हनिता नायक, पुष्पा नेगी, केशन्ती मांझी, विजय मांझी, पुष्पलता सोम, डोमुराम ध्रुव, पुरूशोत्तम सोम, यशवंत मरकाम, गज्जु नेगी, घन"याम मरकाम, मुकेश कपिल, बनसिंह सोरी एवं सरपंच संघ के सदस्य उपस्थित थे।

### बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण 28 बच्चों की हुई जांच

**मुड़ागांव(कोरासी)।** विगत दिवस शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला जरगांव में स्वास्थ्य विभाग के द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 2 अगस्त को स्वास्थ्य विभाग की टीम स्कुल पहुंच कर बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान जो बच्चे अस्वस्थ पायें गये उन्हें आवश्यक दवाईयां देकर प्राथमिक उपचार किया गया। कुल दर्ज संख्या 37 में 28 बच्चे उपस्थित थे। उन सभी बच्चों का चेकप किया गया। शिक्षा के साथ साथ बच्चों के स्वास्थ्य का भी विभाग के द्वारा समय-समय पर चेकप किया जाता है। आयरन फोलिक एसिड का भी प्रत्येक मंगलवार को बच्चों को खिलाया जाता है। स्वास्थ्य परीक्षण डीके पैकरा एम ओ तथा अन्य स्टाफ के द्वारा किया गया।इस दौरान संकुल समन्वयक प्रेमनारायण ध्रुव, विकास शुक्ला, अविनाश वर्मा, रामेश्वरी मांझी, कन्हैयालाल यादव, रामबती ध्रुव उपस्थित थी।



## कलेक्टर ने मड़वाडीह और परसदाकला में डिजिटल क्रॉप सर्वे का लिया जायजा



**गरियाबंद।** कलेक्टर बीएस उइके आज फिंगेश्वर विकासखण्ड के आकस्मिक दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने ग्राम मड़वाडीह एवं परसदाकला पहुंचकर किसानों के खेतों में किये जा रहे डिजीटल क्राप सर्वे का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वेयर द्वारा किये जा रहे सर्वे कार्य के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सर्वेयर ने बताया कि किसानों के खेतों में जाकर खसरा अनुसार सर्वे का काम किया जा रहा है। इस सर्वे में 20 मीटर तक के लोकेशन लिये जाते है। कलेक्टर ने सर्वे कार्य को भलिभांति एवं निष्पक्षता के साथ करने के निर्देश दिये। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने ग्राम पंचायत गुंडरदेही के आश्रित ग्राम नाचनबाय में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे आवास की प्रगति की जानकारी लेने हितग्राहियों के घर पहुंचे। उन्होंने समारू कमार एवं उनके दो भाईयों द्वारा आवास निर्माण के प्रगति के जानकारी ली। कलेक्टर ने उन्हें समझाइश देते हुए कहा कि शासन के नियमानुसार आवास निर्माण कार्यो में प्रगति लाए और गुणवत्ता के साथ आवास का निर्माण कराये।

#### बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें

इसके उपरांत कलेक्टर ने शासकीय प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंचकर बच्चों की पढ़ाई-लिखाई, स्वास्थ्य सहित मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति, पठन-पाठन सामग्री की उपलब्धता, विद्यार्थियों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता तथा भवन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाए और नियमित रूप से कक्षाएं संचालित हों। इसके बाद उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर तीन से छह वर्ष तक के बच्चों के लिए दी जा रही पोषण आहार, टीकाकरण, वजन मापन, स्वच्छता व्यवस्था आदि का निरीक्षण किया।

## पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना में शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला



ऊर्जा संरक्षण और आत्मनिर्भरता की दिशा में केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का नागरिकों को लाभ दिलाने क्षेत्र के पंचायतों में विभिन्न स्थलों में शिविर का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत रसेला में शिविर लगाकर कनिष्ठ यंत्री रसेला प्रभारी विनय बाग ने इस योजना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि सूर्य घर योजना हेतु इच्छुक उपभोक्ताओं अपना पंजीयन कराएं साथ ही सभी उपभोक्ताओं को अपने घर के छतो एवं रित्त स्थलों में आनग्रिड सोलर पैनल सिस्टम लगाने प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने कहा कि आनग्रिड सोलर पैनल सिस्टम लगाने से प्रतिमाह 300 यूनिट बिजली तक की योजना का लाभ लेने पर 78 हजार तक सब्सिडी आवश्यकतानुसार सस्ते ब्याज दर पर बैंकों द्वारा लोन भी प्रदान किया जा रहा है। 2 किलोवाट तक अनुदान राज्य से 30 हजार व केन्द्र से 60 हजार तक, 3 किलोवाट तक राज्य से 30 हजार व केन्द्र से 78 हजार रुपये तक का सब्सिडी शासन द्वारा प्रदान किया जा रहा है। यह भी बताया कि इस योजना के तहत बैक से कम ब्याज दर पर ऋण भी आसानी से उपलब्ध हो जाता है, जिससे आम उपभोक्ता भी बिना वित्तीय बोझ के सौर संयंत्र लगा सकता है। पंजीयन प्रक्रिया भी पूरी तरह आनलाइन है, मोबाइल एप पर रजिस्ट्रेशन करना होता है। वेब पोर्टल से पंजीकृत वेंडर का चयन किया जाता है। संयंत्र की स्थापना और सत्यापन के बाद सब्सिडी सीधे उपभोक्ता के बैंक खाते में भेज दी जाती है। इस पहल ने न केवल घरों को आत्मनिर्भर बनाया है, बल्कि कार्बन उत्सर्जन कम करने और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने में भी अहम भूमिका निभाई है। सौर ऊर्जा के माध्यम से बिजली उत्पादन जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता घटाता है, जिससे पर्यावरण प्रदूषण में कमी आती है। इस योजना का उद्देश्य सौर ऊर्जा का अधिकाधिक उपयोग करने हेतु घर घर आवश्यकता अनुरूप सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कर उपभोक्ताओं को बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने एवं मासिक बिजली बिल में कमी लाना है। उत्त योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने एवं अधिक जानकारी के लिए पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना आनलाइन पोर्टल पर लाग आन करने या अपने नजदीकी बिजली दफ्तर से संपर्क करने हेतु अपील किया गया।

#### ये रहे उपस्थित

इस मौके पर उपसरपंच परमेश्वर यादव, लाईन मेन अंजोर नायक, रमेश पैकरा, ठाकुर राम यादव,बलद राम ठाकुर, सुंदर ठाकुर, ओमप्रकाश यादव, अरविंद पटेल, टंकेश्वर सेन, जनक राम ठाकुर, बिरेन्द्र साहनी, कोमल ठाकुर,माधो ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

पेज 11 के शेष

### कृषि महाविद्यालय के...

पर संशय बना हुआ है।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक मे भागवत हरित, राजेन्द्र सूर्यवंशी, रामूराम साहू, अशोक राजपूत, दीपक श्रीवास, किरण सोनी, हेमनारायण महिलांग, नरेन्द्र रात्रे, कमलेश कश्यप, ओमप्रकाश बंछोर, जितेन्द्र सिंग ठाकुर, अभिशेक सोनी, अनिल चंद्राकर, हरिशंकर श्रीवास्तव, कमलेश यदु, हरनारायण सूर्यवंशी, युवराज सिन्हा, मनोज सोनवानी, उत्तम राजवंशी, अशोक साहू, सतीश यादव, अशोक सिन्हा, राकेश सिन्हा, मुकेश साहू, शुभम जैन, किशेश्वर धृतलहरे, राजऋशी टंडन, महेश मांडले, देवप्रसाद, सफदर खान, नरेश लहरे, हीरासिंग सेन, गिरजाशंकर साहू, हीरासिग साहू, कुंजबिहारी यादव, चंद्रशेखर निशाद, पिंटू श्रीवास, संतोशी श्रीवास्तव, पदमा यदु, मुकेश साहू सहित दर्जनो युवा उपस्थित हुए।

### चंगाई सभा में लिप्त प्रोफेसर...

घेराव किया। अखिल भारती विद्यार्थी परिषद का कहना है कि उनका असर महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों पर ना हो व महाविद्यालय का नाम खराब न हो। राजिम की यह भूमि प्रभु श्री राजीव लोचन के नाम से देश और दुनिया में एक अलग ही महत्व रखता है। प्राचार्य ने इस ज्ञापन को उच्च शिक्षा विभाग को भेज जाने की जानकारी बजरंग दल, विहिप के कार्यकर्ताओं को दी।

### खाद की किल्लत से परेशान...

यूरिया, डीएपी और पोटाश जैसे खादों की सबसे ज्यादा जरूरत है, ऐसे समय में किसानों को खाद नहीं मिल पा रही है। श्री ध्रुव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार किसानों को भरपूर उपज लेने देना नहीं चाहती।

**सोसाइटियों में खाद की कमी :** श्री ध्रुव ने कहा कि मैनपुर, धवलपुर, नवागढ़, इंदागांव, गोहरापदर, उरमाल, मुड़गेलमाल, धौराकोट, खोखमा, तेतलखुटी और देवभोग क्षेत्र की सहकारी सोसाइटियों में पिछले एक महीने से खाद नहीं पहुँचा है। प्रतिदिन सैकड़ों किसान खाद लेने के लिए सोसाइटी आ रहे हैं, लेकिन उन्हें खाली हाथ निराश लौटना पड़ रहा है।

**कांग्रेस करेगी बड़ा आंदोलन :** विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि किसान लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन संबंधित अफसर भी खाद उपलब्ध कराने में कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही किसानों को खाद-बीज उपलब्ध नहीं कराया गया, तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर क्षेत्र में एक बड़ा आंदोलन करेगी।

**खबर संक्षेप**

## तकियापारा में मुस्लिम समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



**राजिम।** नगर पंचायत राजिम के वार्ड क्रमांक 3 तकियापारा में मुस्लिम समाज द्वारा ध्वजा रोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें सेजस आत्मानंद स्कूल के सांसद व पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए सोमनाथ पटेल ने स्वतंत्रता दिवस 79वें अवसर पर बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हमारा भारत देश 200 वर्षों तक अंग्रेजों की गुलामी रूपी जंजीरों से झगड़ा हुआ था, 200 साल तक अंग्रेज भारतीयों पर अनेक प्रकार के अत्याचार और जुल्म करते थे,हमारे देश वासियो को बहुत ही यातनाये झेलनी पड़ी थी, न जाने कितने माँ को अपने बेटे को बलिदान देनी पड़ी, बहनों को अपने भाइयो का बलिदान, पत्नियों को अपने सिंदूर अपने पति का बलिदान देना पड़ा है,तब जाकर कितने संघर्षों के परिणाम स्वरूप हमें आजादी मिली है,इस आजादी के पर्व पर हमें हमारे महापुरुषों को याद और उनका सम्मान भी करना है, हमारे देश के राष्ट्रीय गीत तिरंगे झंडे का सम्मान करना भी हमारा परम कर्तव्य है।

**ये रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में मुख्य रूप से जाहिद अली, सब्बीर वारसी, भाजपा नेता शरद पारकर, पूरन यादव, लियाकत अली, सद्दाम अली, शहजादा अली, अनवर अली, अख्तर अली, नूर अली, शहजाद अली, अमीर अली, आलिम अली, अस्पाक अली, आबिद अली, अंसारी रज्जू अली आदि मुख्य रूप से उपस्थिति हुए।

## कबड्डी में भुंजिया जनजाति की महिलाओं ने दिखाई दिलेरी, खुशी से छलक उठे आंसू

# छिंदौली में हुआ महिलाओं व किशोरियों का खेल उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





लोक आस्था सेवा संस्थान ने पीएचएफ के सहयोग से ग्राम छिंदौली में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक खास खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस आयोजन का मुख्य केंद्र महिलाएं और किशोरियां थीं। कार्यक्रम की शुरुआत पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसके बाद खेलों का दौर शुरू हुआ। महिलाओं और किशोरियों के लिए कबड्डी और पुरुषों के लिए फुगड़ी दौड़ का आयोजन किया गया।

- स्वतंत्रता दिवस पर लोक आस्था सेवा संस्थान ने पीएचएफ के सहयोग से किया आयोजन

कबड्डी प्रतियोगिता में किशोरियों की टीम में सरायपाली ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि कोठीगांव की टीम दूसरे स्थान पर रही। महिला टीम के मुकाबले में एक खास पल देखने को मिला, जब छूरा ब्लॉक की भुंजिया जनजाति की महिलाओं ने पहली बार इस खेल में भाग लिया। इस खेल को आमतौर पर पुरुषों का खेल माना जाता है, इसलिए इन महिलाओं के लिए यह एक बहुत ही गौरवपूर्ण अनुभव था। उन्होंने छिंदौली की टीम को कड़ी टक्कर दी और फाइनल में पहुंचकर दर्शकों को एक रोमांचक मैच का आनंद दिया। मैच के दौरान उनकी आंखों में खुशी के आंसू छलक उठे, जो उनकी जीत के उत्साह को दर्शाते थे।

### विजेताओं का हुआ सम्मान

इस आयोजन में संगवारी महिला मंच की मुखिया अनेशी बाई, राधा बाई, ललिता, प्रेमशीला, छबीला, कुंदों, प्रमिला जायसवाल और गंगा बाई को मंच पर सम्मानित किया गया। उनके हाथों ही विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम के अंत में, अरुण कुमार ने लोक आस्था सेवा संस्थान की ओर से ग्रामवासियों, यूथ संगवारी महिला मंच और सभी स्टाफ का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी के सहयोग की सराहना करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# सेंदर में दिखा स्वतंत्रता दिवस का उत्साह, स्कूल व ग्राम सभा में शान से लहराया तिरंगा

**वीर शहीदों को किया गया याद, स्कूली बच्चों को मिली पाठ्य सामग्री और गणवेश**

**छुईहा बेलर।** ग्राम सेंदर में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शा. हायर सेकंडरी स्कूल, शिक्षण समिति विद्या मंदिर और दिग्गज चौक में ध्वजारोहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह पर्व बड़े उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों और छात्रों ने भाग लिया। शा. हायर सेकंडरी स्कूल सेंदर में सरपंच गामिनी राकेश धृतलहरे और प्रबंध समिति अध्यक्ष जनक साहू ने ध्वजारोहण किया। इस कार्यक्रम में सरपंच और अध्यक्ष के साथ प्राचार्य मेधा, जय प्रकाश वर्मा, हेमंत गायकवाड, रमेश कुमार ध्रुव, दीप कुमार बांधे, हेमलता साहू, गुलशन नंदा नेताम, सुनंदा आसनी, गार्गी कश्यप, सुनीता झा, आशुतोष कुर्रे, पूना राम यादव, परागा बारले, प्रतिमा चंद्राकर जैसे शिक्षक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

शिक्षण समिति प्राथमिक शाला विद्या मंदिर में अध्यक्ष रामु राम साहू ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर विद्या मंदिर ट्रस्ट की ओर से स्कूली बच्चों को गणवेश, जूते-मोजे, बैग और पाठ्य सामग्री भी बांटे गए। यहां कोषाध्यक्ष राजकुमार घृतलहरे, सचिव उमेश ध्रुव, शिक्षक कमलेश सिन्हा, उत्तम देवांगन और भुनेश्वर घृतलहरे भी मौजूद थे। ग्राम सेंदर के दिग्गज चौक पर भी ध्वजारोहण कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच रामाधार साहू, डॉ. महेश कुंजाम, घासी राम साहू, चंद्रिका, रिखी वर्मा, हेमलाल साहू, कोमल, भागवत नागेश, सागर, दिलीप, संतराम समेत अन्य ग्रामवासी शामिल हुए।



### देश के प्रति कर्तव्यों की याद दिलाता है यह दिनः सरपंच

सेंदर की सरपंच गामिनी राकेश धृतलहरे ने 15 अगस्त को एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय पर्व बताया। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें अपने वीर स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का अवसर देता है, जिन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना हमें आजादी दिलाई। यह दिन हमें देश के प्रति हमारे कर्तव्यों और सेवाभाव को निभाने की प्रेरणा भी देता है।

### विद्या मंदिर का योगदान, बच्चों को मिली सहायता

शिक्षण समिति विद्या मंदिर ने बच्चों की पढ़ाई को प्रोत्साहित करने के लिए सराहनीय कदम उठाया। विद्या मंदिर ट्रस्ट ने स्कूली बच्चों को गणवेश, जूते-मोजे, बैग और पाठ्य सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दिखाई। इस पहल से बच्चों और उनके अभिभावकों में खुशी का माहौल देखा गया।






# देश के वीर सेनानियों के बलिदान को किया नमनः अमिता यदू

**छुईहा बेलर।** ग्राम पंचायत सरकड़ा और उसके आश्रित ग्राम बिरोड़ा में स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस दौरान ग्रामवासियों, पंचों और स्कूली बच्चों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया और राष्ट्रीय गीत 'जन गण मन' गाया गया।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच अमिता मनोज यदू और उपसरपंच शेखर निषाद ने ध्वज स्तंभ की पूजा-अर्चना की और फिर ध्वजारोहण किया। सरपंच अमिता ने अपने संबोधन में कहा कि यह दिन हम सबके लिए ऐतिहासिक है और देशप्रेम, समर्पण और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने का है, जिन्होंने अपने त्याग और बलिदान से हमें आजादी दिलाई। उन्होंने आगे कहा कि यह दिन उनकी बहादुरी, वीरता और शौर्य को नमन करने का दिन है।

उपसरपंच शेखर निषाद ने अपने संबोधन में आजादी के लिए संघर्ष करने वाले महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस, भगत सिंह, मंगल पांडे, चंद्रशेखर आजाद, राजगुरु, सुखदेव, सरदार वल्लभभाई पटेल, लाला लाजपत राय, जवाहरलाल नेहरू, बाल गंगाधर तिलक जैसे कई क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद किया। इस मौके पर सरपंच अमिता मनोज यदू, जनपद सदस्य माधुरी देवनाथ ध्रुव, सरपंच प्रतिनिधि और पूर्व सरपंच मनोज यदू सहित नीरज शर्मा, धीरज शर्मा, टिमोन ध्रुव, प्रमिला कोर्राम, अनीता साहू, भारती साहू, यशोदा कमार, सीमा सिन्हा, रामनारायण ध्रुव, शेखर निषाद, और लेखराज साहू भी उपस्थित थे।



### स्वतंत्रता सेनानियों को किया गया नमन

सरपंच अमिता यदू ने अपने संबोधन में कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों ने आजादी पाने के लिए लंबा संघर्ष किया और अपना पूरा जीवन और जवानी इसमें झोंक दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें उन शहीदों के त्याग और बलिदान की याद दिलाता है।

### एकता और समर्पण का प्रतीक

कार्यक्रम में उपस्थित उपसरपंच शेखर निषाद ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए सिर्फ एक राष्ट्रीय पर्व नहीं है, बल्कि यह देशप्रेम, समर्पण और एकता का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से देश की प्रगति में योगदान देने का आग्रह किया।




प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

# गणपति प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में जुटे मूर्तिकार, 27 को विराजेंगे

## मूर्तिकारों के मुताबिक बढ़ी कीमतों से मूर्तियों के दाम में हुआ सामान्य इजाफा

हरिभूमि न्यूज़ ▶▶| पाण्डुका

हिंदू धर्म के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक गणेश चतुर्थी को लेकर पूरे देश में उत्साह का माहौल है। यह त्योहार भगवान गणेश के जन्म का प्रतीक है और इसे पूरे भारत में बहुत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। गणेश चतुर्थी इस साल 27 अगस्त को मनाई जाएगी, जिसकी तैयारियां जोरों पर हैं।

हिन्दू धर्म शास्त्र के अनुसार, गणेश चतुर्थी हर साल भाद्रपद महीने के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि से शुरू होती है और अनंत चतुर्दशी तक मनाई जाती है। इन 10 दिनों में भगवान गणेश की स्थापना कर पूजा-पाठ किया जाता है, इस दौरान 'गणपति बप्पा मोरिया' की गूंज सुनाई देती है। श्री महामाया मंदिर एवं श्री हनुमान मंदिर के पुजारी पंडित राकेश शर्मा (भागवताचार्य) ने बताया कि देव पंचांग के अनुसार, भाद्रपद मास की चतुर्थी तिथि 26 अगस्त दोपहर 01 बजकर 54 मिनट से शुरू होकर 27 अगस्त दोपहर 03 बजकर 44 मिनट पर समाप्त होगी। ऐसे में इस साल गणेश चतुर्थी का पर्व 27 अगस्त बुधवार को मनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि गणेश जी की स्थापना के लिए मध्याह्न काल सबसे उत्तम माना गया है, क्योंकि मान्यता है कि इसी समय गणपति का जन्म हुआ था। पंडालों और घरों में स्थापना के लिए मूर्तिकार गणपति जी को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।



### गणेश जी की मूर्तियों के बढ़े दाम

पांडुका के मूर्तिकार दयानिधि चक्रधारी, हिमांशु चक्रधारी और परम चक्रधारी ने बताया कि इस साल रंग-रोगन और श्रृंगार सामग्री की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिसके कारण मूर्तियों के मूल्य में सामान्य वृद्धि हुई है। मूर्तिकारों ने 300 से लेकर 20,000 रुपए तक की मूर्तियां बनाई हैं, जिनमें शिव स्वरूप, बाल स्वरूप और राधा-कृष्ण स्वरूप प्रमुख हैं।

**10 दिन चलेगा गणेशोत्सव :** गणेश चतुर्थी का पर्व 10 दिनों तक चलता है। इन 10 दिनों में भक्तगण भगवान गणेश की पूजा-पाठ कर उनका आशीर्वाद लेते हैं। यह त्योहार पूरे देश में एकता, भक्ति और उत्साह का प्रतीक बन गया है। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पंडाल सजाए जाते हैं और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

## खबर संक्षेप

### राजिम के मेला मैदान में 23 को होगा पोला महोत्सव

**राजिम।** पोला त्योहार के अवसर पर राजिम नवयुवक मंडल-छत्तीसगढ़ बेरोजगार संघ द्वारा 23 अगस्त को पोला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में छत्तीसगढ़ के परंपरा और पारंपरिक खेल में बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेंगे। कार्यक्रम के प्रथम सोपान का उदघाटन राजिम के पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय सुबह 9 बजे करेंगे। समापन कार्यक्रम शाम 6 बजे विधायक रोहित साहू के मुख्य आतिथ्य में होगा। बेरोजगार संघ के सदस्यों ने बताया कि पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 10001 रुपए, महिला कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 10001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7001 रुपये, महिला रस्साकशी प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 3001, द्वितीय पुरस्कार 2001 रुपए, महिला कुर्सी दौड़ में प्रथम 2001 रुपए, द्वितीय 1501 रुपए, महिला फुगड़ी प्रतियोगिता 2001, द्वितीय 1501, महिला बोरा दौड़ प्रथम 1501, द्वितीय 1001 के अलावा बैल साज सज्जा प्रथम पुरस्कार 1701 एवं द्वितीय 1301 रु प्रदान किया जाएगा। दी गई जानकारी के मुताबिक विजेता प्रतिभागी को शील्ड,मेडल एवं कप योगेंद्र राजपूत द्वारा अपने पूज्य माता-पिता के स्मृति में प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के आयोजक बेरोजगार संघ ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए युवाओं एवं महिलाओं से अनुरोध किया है।

### कलेक्टर ने चंद्रकांत मिश्रा को किया सम्मानित



**नवापारा-राजिम।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को नगर पालिका परिषद नवापारा के प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा को रायपुर कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह ने प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया है। यह सम्मान श्री मिश्रा को विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सराहनीय योगदान के लिए मिला। श्री मिश्रा को सम्मान मिलने पर नवापारा सीएमओ लवकेश पैकरा,पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, पालिका उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, डॉ राजेंद्र गदिया, पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंग, चतुर जगत तथा सभी सभापति, पार्षद, गणमान्य नागरिको एवं पत्रकारो ने बधाई दी है।

### बाघनदी रपटा में मोटर साइकिल बहते बहते बचा

**मैनपुर।** मैनपुर राजापड़ाव गौरगांव क्षेत्र में कल भारी बारिश के कारण नदी नाले उफान पर है आज पानी कम होने पर ग्रामीण भुवन एवं उनकी पत्नि प्रमिला मोटर साइकिल के साथ नदी पार कर रहे थे कि अचानक तेज बहाव के चलते अचानक मोटर साइकिल गड्ढे में घुस गया और ग्रामीण कूदकर जान बचाये मोटर साइकिल बहते हुए रपटा के नीचे गिर गया जिसे आने जाने वाले लोगो ने बड़ी मुश्किल के साथ बाहर निकाला लेकिन मोटर साइकिल में पानी घुसने के कारण मोटर साइकिल खराब हो गया। इन दिनो इस क्षेत्र में इस तरह की घटनाएं आम है।

## महिलाएं हो रही हैं आर्थिक रूप से सशक्त

# भाजपा सरकार की योजनाएं दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचा रहीं हैं लाभः गोवर्धन मांझी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पूर्व संसदीय सचिव गोवर्धन मांझी ने मैनपुर दौरे के दौरान कहा कि भाजपा सरकार की योजनाएं दूरस्थ वनांचल क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक पहुँच रही हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ महिला सशक्तिकरण की दिशा में नई ऊंचाइयां छू रहा है। महतारी वंदन योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस योजना से 70 लाख से अधिक माताओं और बहनों को लाभ मिल रहा है।

श्री मांझी ने इस योजना को सिर्फ एक आर्थिक सहायता नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति बताया। उन्होंने कहा कि इसने माताओं और बहनों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है और उनमें आत्मविश्वास और सम्मान की नई रोशनी जगाई है। मैनपुर के गौरघाट गाँव में उन्होंने आकाश कॉर्पोरेशन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर उनके साथ भाजपा मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदास वैष्णव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नंदनी नेताम और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



### वृद्ध नेता से की मुलाकात

अपने दौरे के दौरान, गोवर्धन मांझी ने मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ और बुजुर्ग भाजपा नेता सोनसाय ध्रुव से उनके निवास गौरघाट में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान क्षेत्र से आए ग्रामीणों ने उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर श्री मांझी ने जल्द ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर इन समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

### मोदी सरकार की उपलब्धियां

पत्रकारों से बातचीत में श्री मांझी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल को स्वर्णिम अक्षरों में लिखे जाने योग्य बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यकाल सिर्फ सत्ता का नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान योजना, पीएम जनमन योजना, और लखपति दीदी जैसी योजनाओं को गरीबों के लिए वरदान बताया।

# ब्राह्मण समाज की मातृशक्तियों ने आंबा केंद्रों में बांटा यूनिफॉर्म





**नवापारा-राजिम।** नवापारा में ब्राह्मण समाज की मातृशक्तियों ने बुधवार को एक प्रशंसनीय पहल की। उन्होंने वार्ड क्रमांक 12 और 13 के नवापारा सेक्टर के चार आंगनबाड़ी केंद्रों (10-1, 10-2, 11-1, 11-2) में पंजीकृत 44 बच्चों को स्कूली यूनिफॉर्म वितरित किए। यूनिफॉर्म पाकर छोटे बच्चे बहुत खुश नजर आए। इस अवसर पर नगर पालिका के पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रसन्न शर्मा और समाज के वरिष्ठ कैलाश शुक्ला ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि अब वे यूनिफॉर्म पहनकर रोज समय पर आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ने आएं। बच्चों ने भी उनकी बात पर हामी भरी। यह शहर में अपनी तरह की पहली पहल है, जिसे ब्राह्मण समाज की मातृशक्तियों ने शुरू किया है। अब इन आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चे यूनिफॉर्म में दिखेंगे।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा, नगर पालिका के पूर्व सभापति रमेश तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार श्यामकिशोर शर्मा, शिवकुमार तिवारी, दिनेश तिवारी और राजेश शर्मा सहित ब्राह्मण समाज की मातृशक्तियों में रेखा तिवारी, सुभाषिनी शर्मा आदि विशेष रूप से मौजूद थीं। इस सराहनीय पहल को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुमुद पुराणिक, पद्मिनी चक्रधारी, संतोषी शर्मा, पूर्णिमा साहू और आंगनबाड़ी सहायिका आरती बया का भी विशेष सहयोग रहा। इन सभी ने मिलकर इस कार्यक्रम को सफल बनाया।

# राजीव गांधी को कुल्हाड़ीघाट में दी गई श्रद्धांजलि, निकाली गई सद्भावना रैली



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

मैनपुर तहसील मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर बीहड़ जंगलों के बीच बसे विशेष पिछड़ी जनजाति कमार आदिवासी बाहुल्य गांव कुल्हाड़ीघाट में आज पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती मनाई गई। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर ने गाँव पहुँचकर राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर कांग्रेसियों ने ग्रामीणों के साथ सद्भावना रैली निकाली और फल वितरण किया। जिला पंचायत सदस्य और वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय नेताम ने कहा कि राष्ट्र के नवनिर्माण में राजीव गांधी का अमूल्य योगदान है। उन्होंने कहा कि देश के युवा प्रधानमंत्री को आदिवासी कमार जनजाति के लोगों से बेहद लगाव था और वे हमेशा उनके विकास और उत्थान के बारे में सोचते थे। श्री नेताम ने आगे कहा कि राजीव गांधी ने मात्र 40 वर्ष की उम्र में प्रधानमंत्री बनकर देश में कंप्यूटर शिक्षा की शुरुआत की और भारतीय प्रशासन के आधुनिकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**राजीव गांधी का कुल्हाड़ीघाट से संबंध :** ब्लॉक कांग्रेस मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि राजीव गांधी द्वारा कमार जनजाति और आदिवासियों के लिए किए गए कार्यों को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने याद दिलाया कि राजीव गांधी 14 जुलाई 1985 को कुल्हाड़ीघाट आए थे और आदिवासियों की समस्याओं को नजदीक से देखकर उनके विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू की थीं।

**सद्भावना दिवस का महत्व :** ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री गेंदु यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा गरीब, किसान, मजदूर, आदिवासी और सभी वर्गों के कल्याण के बारे में सोचती है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के जन्मदिन को पूरे देश में सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में संजय नेताम, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, चित्रंश ध्रुव, सोहन नागेश, प्रियंका कपिल, टीकम कपिल, सरपंच गज्जु नेगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और ग्रामीण मौजूद थे।

# फिंगेश्वर में स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर का आयोजन



**फिंगेश्वर।** राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गोद ग्राम बिजली माड़वाडीह के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में एक विशाल स्वास्थ्य जांच और रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने हिस्सा लिया और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में ग्रामीणों की हीमोग्लोबिन, ईसीजी, बीपी, शुगर, नेत्र और दंत चिकित्सा सहित अन्य जांचें की गईं। गर्भवती महिलाओं और बुजुर्गों को मच्छरदानी वितरित की गई, और आम नागरिकों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किए गए। इस शिविर में कुल 15 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि 280 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। 12 से अधिक लोगों ने टीबी परामर्श, 10 ने ईसीजी, 28 ने नेत्र जांच, 77 ने बीपी-शुगर जांच, 38 ने आयुर्वेद जांच और 20 ने मनोरोग चिकित्सा परामर्श लिया। इसके अतिरिक्त, 69 लोगों ने लैब टेस्ट कराए, जिसमें हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुपिंग, सिकलिंग, मलेरिया और शुगर की जांच की गई।

**अधिकारियों ने दी बधाई :** इस अवसर पर कलेक्टर भगवान सिंह उईके और जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर ने रक्तदाताओं की सराहना करते हुए उन्हें इस पुण्य कार्य से जुड़ने पर बधाई दी। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. वी.के. हीरौंदिया ने कहा कि यह शिविर ग्रामीणों के लिए बहुत फायदेमंद रहा।

### ग्रामीणों और स्वास्थ्य कर्मियों का योगदान

जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी लक्ष्मीकांत जांगड़े ने इस सफल आयोजन के लिए जिला स्वास्थ्य समिति, सरपंच और सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। इस शिविर में सरपंच श्रीमती पद्मा मोती निषाद, जनपद सदस्य नंदू यादव, पूर्व जनपद सदस्य गजेंद्र निषाद सहित कई जनप्रतिनिधि, डॉक्टर और रेड क्रॉस के स्वयंसेवक भी मौजूद थे।

# गजेंद्र के कैबिनेट मंत्री बनने पर यादव समाज में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

- सत्ता और संगठन में जनसंख्या के हिसाब से प्रतिनिधित्व की मांग

सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कैबिनेट विस्तार में दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को मंत्री पद की शपथ दिलाए जाने पर खुशी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में निवास कर रहे 35 लाख यादवों के संघर्ष का यह परिणाम है। रमेश यदु ने आगे कहा कि प्रदेश में क्वांटिफिएबल डाटा के अनुसार, यादव समाज का दूसरा स्थान है, इसलिए समाज को सत्ता और संगठन में जनसंख्या के हिसाब से प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

उन्होंने प्रदेश सरकार से संगठन के विस्तार, निगम-आयोग और अन्य जगहों पर भी यादव समाज के लोगों को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की मांग की है। रमेश यदु ने बताया कि यादव समाज लगातार अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रहा है और प्रदेश के कोने-कोने में मौजूद है। यादव समाज पिछले कई वर्षों से अपनी तीन प्रमुख मांगों के लिए संघर्षरत है। इनमें वनांचल क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को पट्टा प्रदान करना, चरवाहों की शिक्षा और मानदेय की व्यवस्था करना ताकि उनके जीवन स्तर में सुधार हो, और डेयरी व्यवसाय में समाज को प्राथमिकता देना शामिल है। इन मांगों को लेकर समाज प्रदेश के सभी 33 जिलों में लगातार आंदोलन कर रहा है। रमेश यदु ने कहा कि यादव समाज एक सहयोगी समाज के रूप में कार्य करता है। उन्होंने यह भी कहा कि समाज को सत्ता और संगठन में पर्याप्त स्थान मिलने से प्रदेश में एक सकारात्मक संदेश जाएगा।





### अधिकारों के लिए संघर्षरत है समाज

रमेश यदु ने बताया कि सर्व यादव समाज प्रदेश का पहला ऐसा सामाजिक संगठन है जो सभी जिलों में कार्यरत है। यह संगठन लगातार अपने सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ शासन-प्रशासन की नीतियों और अन्य समाजों की समस्याओं को लेकर भी धरना-प्रदर्शन करता है, ताकि सरकार का ध्यान इन ज्वलंत समस्याओं की ओर आकर्षित हो सके।

### जीवन स्तर में सुधार की पहल

यादव समाज की तीन प्रमुख मांगों में वनांचल क्षेत्र में रहने वालों को पट्टा देने, चरवाहों के लिए शिक्षा और मानदेय की व्यवस्था करने और डेयरी व्यवसाय में समाज को प्राथमिकता देने की मांग शामिल है। इन मांगों का उद्देश्य समाज के लोगों के जीवन स्तर में सुधार करना है, जिससे उनका सामाजिक और आर्थिक उत्थान हो सके।

## भाजपा मंडल ने बूथ 92 में पुण्यतिथि मनाई, आदर्शों को किया याद

# भारतरत्न अटल बिहारी वाजपेयी को दी गई श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

भारतीय जनता पार्टी मंडल राजिम के बूथ 92 में भारतरत्न और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई और उनके महान योगदान को याद किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने अटल जी के जीवन और उनके सिद्धांतों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी का जन्म 25 दिसंबर 1924 को ग्वालियर, मध्य प्रदेश में हुआ था। 16 अगस्त 2018 को 93 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया था।

रिकेश साहू ने कहा कि अटल जी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की आवाज थे। उनकी वाणी में ओज, विचारों में स्पष्टता और हृदय में देश के लिए असीम प्रेम था। उन्होंने हमेशा राजनीति को राष्ट्र सेवा का माध्यम माना। उनके नेतृत्व में ही भारत ने परमाणु शक्ति संपन्न राष्ट्र का दर्जा प्राप्त किया और पड़ोसी देशों के साथ शांति की पहल भी की। उन्होंने अटल जी को सच्चा अटल बताया, जो संसद में विपक्ष के रूप में हों या प्रधानमंत्री की कुर्सी पर, उन्होंने कभी अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया।



### साहित्य व राजनीति में रहा अटल जी का अहम योगदान

रिकेश साहू ने अटल जी के साहित्यिक योगदान को भी अविस्मरणीय बताया। उन्होंने कहा कि उनकी रचनाएं यह सिखाती हैं कि राजनीति और साहित्य मिलकर राष्ट्र निर्माण की आधारशिला रख सकते हैं।

इस पुण्यतिथि पर सभी कार्यकर्ताओं ने उनके आदर्शों को जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में महामंत्री जितेंद्र पेंदरिया, कोषाध्यक्ष शैलेंद्र साहू, मंत्री लोकेश सोनी, मीडिया प्रभारी युवराज साहू, सभापति आकाश राजपूत, कार्यसमिति सदस्य शरद पारकर, संजीव साहू, संजय सोनकर, ऋषि दुबे, बादल साहू, अश्वनी साहू, और दुर्गेश धीवर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




